-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 29.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **"ऑपरेशन ईगल" के क्रम में अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले अभियुक्त को थाना कमासिन पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से 7.5 किग्रा0 अवैध सूखा गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से **"ऑपरेशन ईगल"** चलाया जा रहा है जिसमें अब तक कई बड़ी कार्यवाही की गई है । इसी क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 28/29.11.2024 की रात्रि को थाना कमासिन पुलिस द्वारा रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान ग्राम दादौंघाट किशनपुर पुल के पास से वाहन चेकिंग के दौरान अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले अभियुक्त रितिक सोनकर पुत्र सुरेश चन्द्र सोनकर निवासी मर्दन टोला थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 7.5 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा व अवैध सूखे गांजे के परिवहन में प्रयुक्त हिरो स्प्लैण्डर मोटरसाइकिल बरामद किया गया । इस सम्बन्ध में थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

बरामदगी –

- 7.5 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा
- 01 हिरो स्प्लैण्डर मोटरसाइकिल (परिवहन में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रितिक सोनकर पुत्र सुरेश चन्द्र सोनकर निवासी वार्ड न0-01 मर्दन टोला थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर ।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 190/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कमासिन जनपद बांदा ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. थानाध्यक्ष कमासिन श्री राजेश कुमार मौर्य
2. चौकी प्रभारी दादौंघाट श्री नरेन्द्र कुमार
3. कां0 सतेन्द्र कुमार
4. कां0 दिलीप कुमार